मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 272 ■ गुरुवार, 23 जनवरी 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**प्रियंका चोपड़ा ने किए बालाजी मंदिर के दर्शन**

# अंबरनाथ में फिर रासायनिक गैस रिसाव



- शहर पूर्व बी केबिन रोड के निवासी परेशान
- एमपीसीबी चुप

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के मोरीवली एमआईडीसी की रासायनिक कंपनियों द्वारा लगातार रासायनिक गैस के छोड़े जाने से पश्चिम के लोग परेशान तो हैं ही, लेकिन शहर पूर्व में बी केबिन रोड निवासी, निसर्ग ग्रीन के निवासी ज्यादा परेशान है. प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारी इन कंपनियों पर कोई भी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं. इसका कारण आप जानते ही हैं. पैसा बोलता है. इसलिए अधिकारी चुप रह जाते हैं और कोई कार्रवाई नहीं की जाती. दो दिनों पूर्व रात में फिर से रासायनिक गैस बी केबिन रोड पर फैल गया था. जिसके कारण जहरीले धुएं की चादर फैल गई थी. प्रदूषण मंडल का कार्यालय और फोन रात में बंद रहने से निवासी ये सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि जाएं तो जाएं कहां? दूसरे दिन शिकायत करने पर प्रदूषण मंडल के अधिकारी जांच करके कंपनी मालिक को डरा-धमका कर उन्हें नोटिस देकर चले जाते हैं. मामला ठंडा होने पर और अधिकारी लक्ष्मी दर्शन लेने के बाद ये रासायनिक कंपनियां वापस शुरू कर दी जाती हैं. मंडल की लापरवाही के कारण शहर में कोई बड़ा हादसा हो सकता है और इस बार गैस का टार्गेट शहर पूर्व बी केबिन रोड के निवासी हो सकते हैं? एमपीसीबी को चाहिए कि वह इस गंभीर मामले पर सख्त एक्शन ले. एक बार कंपनी को बंद किया जाता है तो उस कंपनी को दोबारा चालू करने की अनुमति ना दी जाए.

# अवैध बांग्लादेशियों की धरपकड़ तेज

- उल्हासनगर में 2 बांग्लादेशी समेत 3 गिरफ्तार
- क्राइम ब्रांच और विट्ठलवाड़ी पुलिस ने की कार्रवाई



**उल्हासनगर.** सैफ अली खान पर हमले के बाद मुंबई महानगर क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा फिर गरमा गया है और स्थानीय अपराध शाखा तथा पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में पता चला है कि कई बांग्लादेशी बिना किसी वैध दस्तावेज के गुप्त रूप से रह रहे हैं। हाल ही में क्राइम ब्रांच और विट्ठलवाड़ी पुलिस ने उल्हासनगर में एक महिला समेत दो बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया, जो यहां रह रहे थे और काम कर रहे थे।

पिछले कुछ दिनों में उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने विभिन्न अभियानों में 16 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। दिलचस्प बात यह है कि इनमें से अधिकांश बांग्लादेशी शहर के बाहरी इलाकों में झुग्गियों में रहते पाए गए।

हाल ही में पुलिस ने विट्ठलवाड़ी पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले आशेले गांव में कार्रवाई करते हुए दो और बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया। उल्हासनगर क्राइम ब्रांच द्वारा चलाए गए अभियान में एक बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार महिला की पहचान रूमा बीबी हफीजुल खान (40) के रूप में हुई है। वह पहले कोलकाता में रहती थी। इसके बाद वह खडेगोलवली क्षेत्र में बस गईं। पुलिस ने मकान मालिक रफीक बिस्वास (49) के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है, जिसने महिला को आवास मुहैया कराया था। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के नेतृत्व में अपराध शाखा ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है।

दूसरे ऑपरेशन में, आशेल पाडा में दर्शन कॉलोनी, गोपी कडू चॉल के बांग्लादेशी निवासी मुनीरुल महिमुद्दीन सरदार (41) को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## कल्याण से 3 बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार

**कल्याण.** कल्याण की महात्मा फुले पुलिस ने 3 बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बांग्लादेशी महिलाओं के नाम परवीन शेख, खदीजा शेख और रीमा सरदार हैं। बताया जा रहा है कि यह महिला पिछले कई सालों से इसी इलाके में रह रही है। महात्मा फुले पुलिस को इन महिलाओं के ठिकाने के बारे में सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने वहां छापा मारा और 3 महिलाओं को हिरासत में लिया। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता और विदेशी राष्ट्रीयता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध प्रवेश कैसे हुआ? पुलिस कर रही जांच...

महात्मा फुले पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर विकास मडके ने बताया कि पुलिस गिरफ्तार बांग्लादेशी महिलाओं से गहन पूछताछ कर रही है। क्या इन महिलाओं के साथ कोई और भी है? इन्हें कौन लाया? और उन्हें अवैध प्रवेश कैसे मिला? पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। साथ ही उसके सभी दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि पुलिस जांच में क्या खुलासा होता है।

# EWS दाखले नहीं दिए जाने से मराठा समाज आक्रामक



## अंबरनाथ मराठा समाज ने तहसीलदार केबिन दरवाजे पर निवेदन कॉपी चिपकाया

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ तहसील कार्यालय से विद्यार्थियों एवं लोगों को EWS के दाखले गत कई महिनों से नहीं दिए गए हैं. जिसके कारण विद्यार्थियों का शैक्षणिक नुकसान हो रहा है. ये दाखले जल्द से जल्द वितरित किए जाएं. इस मांग को लेकर अंबरनाथ सकल मराठा समाज की ओर से आंदोलन करके 'एक मराठा लाख मराठा' की नारेबाजी करते हुए नायब तहसीलदार को निवेदन दिया गया.

उनके द्वारा ये कहे जाने पर कि ये दाखले देना हमारे अंडर में नहीं है. ये सुनने के बाद अविनाश देशमुख एवं उनके साथ आए हुए मराठा समाज के नेता आक्रामक हो गए और तहसीलदार के गैरहाजिर होने के कारण उनके केबिन पर निवेदन की प्रति को चिपकाया गया. अविनाश देशमुख ने पत्रकारों को बताया कि EWS दाखले देना ये शासकीय सरकारी स्कीम है. फिर भी अंबरनाथ तहसील कार्यालय से ये दाखला क्यों नहीं दिया जा रहा है? उन्होंने ये भी बताया कि तहसीलदार के ना होने के कारण उनके केबिन दरवाजे पर मांग का निवेदन चिपकाया गया है.

हमारी जानकारी के अनुसार तहसील कार्यालाय में 30 लोगों को गत 6 महिने से दाखले नहीं दिए गए हैं. वह रोजाना तहसील कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं. मराठा समाज के देशमुख के साथ संदीप बारसकर, एड. अमोल वाझे, मुरकुटे आदि उपस्थित थे.

# रेलवे की जमीन पर बने स्कूल को कार्रवाई का नोटिस

- 28 जनवरी तक स्कूल खाली करने का नोटिस
- कल्याण और कसारा के बीच बन रही तीसरी और चौथी रेलवे लाइन



**कल्याण.** कल्याण के वालधुनी में रेलवे की जमीन पर एक एक संगठन द्वारा स्कूल चलाया जा रहा है। चूंकि यह स्कूल रेलवे की जमीन पर स्थित है, इसलिए रेलवे प्रशासन ने स्कूल को 28 जनवरी तक खाली करने का नोटिस दिया है। इस नोटिस से स्कूल प्रशासकों, अभिभावकों और छात्रों में बेचैनी है। इस स्कूल में लगभग 400 छात्र पढ़ते हैं। स्कूल संचालकों, छात्रों और अभिभावकों ने रेलवे की इस अचानक कार्रवाई का विरोध किया है।

मंगलवार को रेलवे अधिकारी कार्रवाई करने आए. स्कूल के प्रधानाचार्य, अभिभावकों और छात्रों के विरोध के बाद रेलवे अधिकारी वापस लौट गए। उन्होंने स्कूल प्रशासकों को 28 जनवरी तक स्कूल खाली करने का नोटिस दिया है। स्कूल प्रबंधन ने बताया, हमारा स्कूल 58 वर्षों से वाल्धुनी में स्थित है। रेलवे ने अचानक हमें 2 करोड़ 44 लाख रुपये किराया देने का आदेश दिया है। यदि इस आदेश का पालन नहीं किया जाता तो आप तुरंत स्कूल खाली कर दें। स्कूल को इतनी बड़ी राशि देना संभव नहीं है। अब 10वीं कक्षा की स्कूल की आंतरिक परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। ऐसी स्थिति में हम अचानक छात्रों और स्कूल की सामग्री लेकर कहां जाएंगे?

रेलवे प्रशासन ने कल्याण, शहाड़, विट्ठलवाड़ी, अंबिवली क्षेत्रों में रेलवे स्टेशनों के पास रेलवे भूमि पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है।

### स्कूल ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

स्कूल प्रबंधन ने बताया कि हमने रेलवे की कार्रवाई के खिलाफ कल्याण न्यायालय में आवेदन दायर किया है। रेलवे को हमें एक समय सीमा देनी चाहिए। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि यदि रेलवे ने जल्दबाजी में कार्रवाई की तो छात्रों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा।

## शहाड़ में भी उजड़ रहे 2500 परिवार

- शिवसेना ने किया मनपा आयुक्त से आह्वान
- बेघर हो रहे परिवारों को मुआवजा दें

उल्हासनगर. रेलवे ने कल्याण और कसारा के बीच तीसरी और चौथी रेलवे लाइन का काम शुरू कर दिया है। इसमें शहाड़ में 2,500 परिवारों के घरों को बुलडोजर से गिराना शामिल होगा। इसलिए शिवसेना शहर प्रमुख राजेंद्रसिंह भुल्लर-महाराज ने उल्हासनगर महानगरपालिका आयुक्त मनीषा आव्हाले से अपील की है कि वे बेघर हो रहे इन परिवारों को मुआवजा या हर्जाना देकर न्याय दिलाएं।

इस क्षेत्र में पिछले 50 वर्षों से सैकड़ों पक्के मकान बने हुए हैं, जिनमें करीब 2500 परिवार रह रहे हैं। यहां व्यापारिक प्रतिष्ठान और व्यापारियों की दुकानें भी हैं। वे सभी नियमित रूप से नगरपालिका संपत्ति कर का भुगतान कर रहे हैं और अपने बच्चों के साथ बस गए हैं।

ऐसे में अब रेलवे ने कल्याण और कसारा के बीच तीसरी और चौथी लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया है. चूंकि यह रेलवे परियोजना है और ये बस्तियां मनपा के अधिकार क्षेत्र में आती हैं, इसलिए शिवसेना शहर प्रमुख राजेंद्रसिंह भुल्लर-महाराज ने मांग की है कि आयुक्त मनीषा अव्हाले इन परिवारों को मुआवजा देने या पुनर्वास करने के लिए पहल करें और उन्हें उजाड़ने से पहले न्याय प्रदान करें।

## चोरों ने अब टायर चोरी शुरू की

- चोर हुए सीसीटीवी में कैद
- 3 रिक्शाओं में चोरी

**उल्हासनगर.** चोरों ने अब टायर चोरी करना शुरू कर दिया है ऐसी ही एक घटना में उल्हासनगर 5 स्थित गायकवाड़ा पाड़ा इलाके में अज्ञात चोरों ने खड़ी हुई तीन रिक्शाओं के टायर चुरा लिए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. रिक्शा चालक विजय जाधव, रवि जाधव और मयूर नवारे ने अपना रिक्शा उल्हासनगर कैंप 5 स्थित गायकवाड़ पाड़ा इलाके में पार्क किया था। रात में अज्ञात चोरों ने उनकी तीन रिक्शाओं के 6 टायर चोरी कर लिए। एक टायर की कीमत डेढ़ हजार रुपये है. चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और अंबरनाथ के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है. पुलिस आगे की जांच कर रही है.

# कल्याण पूर्व में युवकों पर तलवार से हमला

- पुरानी रंजिश को लेकर हमला
- घायलों का इलाज सेंट्रल अस्पताल में जारी



**कल्याण.** कल्याण पूर्व में दस से पंद्रह लोगों के एक गिरोह ने दो युवकों पर तलवार से जानलेवा हमला किया है। बताया गया है कि पुरानी रंजिश के चलते एक गिरोह ने व्यस्त सड़क पर दो युवकों पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें वो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों के नाम दीपक यादव उर्फ गबरू और रितेश दलवी उर्फ डक्की बताए गए हैं। गबरू जब अपने दोस्त के जन्मदिन पर कल्याण पूर्व की ओर जा रहे थे, तभी आरोपी काले और उसके 10 से 15 साथियों ने दोपहिया वाहन पर सवार गबरू और रितेश को सड़क पर रोक कर उनपर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवकों को उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में दाखिल किया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

कोलसेवाड़ी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश के लिए टीमें भी गठित कर दी हैं। कल्याण पूर्व में दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे अपराध से नागरिक मांग कर रहे हैं कि पुलिस अपराधी गिरोह का सफाया करे।

**इमारत की छत पर सोलर पैनल की सफाई करते समय**

# मजदूर की गिरने से मौत



**कल्याण.** कल्याण पश्चिम में एक मजदूर इमारत की छत पर धूल भरे सौर पैनलों की सफाई कर रहा था। सफाई करते समय सोलर पैनल के पास खड़ा मजदूर अचानक अपना संतुलन खो बैठा और जमीन पर गिर गया। वह मौके पर मर गया। यह मजदूर शाहपुर तालुका के खरडी के पास उम्बरमाली गांव का निवासी है।

मृतक मजदूर की पहचान यशवंत तुलसीराम गवारी (40) के रूप में हुई है। खड़कपाड़ा पुलिस ने मजदूर की पत्नी सुरेखा गवारी की शिकायत के आधार पर आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है। गवारी परिवार मूल रूप से पुणे जिले के हडपसर तालुका के कोटमवाड़ी गांव का रहने वाला है। वह मजदूरी के लिए उम्बरमाली में रहता था। वह मजदूरी करने के लिए हर रोज कसारा लोकल ट्रेन से कल्याण आता था.

खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई शिकायत में मृतक यशवंत की पत्नी सुरेखा ने कहा है कि उसके पति यशवंत गवारे दोपहर करीब 3 बजे कल्याण पश्चिम के वलीनगर इलाके में आरती नगरी में वृंदावन पाम सोसायटी के विंग ए में छत पर गए थे। सोमवार को वह सौर पैनलों की सफाई और धुलाई कर रहा था। यह काम करते समय यशवंत गवारे ने अचानक अपना संतुलन खो दिया। वे इमारत से ज़मीन पर गिर पड़े। तेज गति से जमीन पर गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

यह सूचना मिलने पर खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक डॉ. अमरनाथ वाघमोडे, पुलिस निरीक्षक एस. एस. शिवाले, सहायक पुलिस निरीक्षक अंबिका घसते घटनास्थल पर पहुंचे। इस निरीक्षण के बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत के आधार पर आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया।

# कल्याण-डोंबिवली मनपा के 61 स्कूलों में 502 सीसीटीवी कैमरे



**कल्याण.** छात्र सुरक्षा, स्कूलों में दुष्कर्म की रोकथाम और स्कूल सुरक्षा के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, कल्याण डोंबिवली मनपा प्रशासन ने कल्याण-डोंबिवली शहर के 61 मनपा स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। यह काम तुरंत शुरू कर दिया गया है, ऐसा कल्याण डोंबिवली मनपा के बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रशांत भागवत ने बताया।

सरकार ने पिछले साल अगस्त में स्कूल नियंत्रण निकायों और प्रशासन को राज्य के सभी सरकारी, निजी और स्थानीय सरकारी स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया था। इस आदेश के अनुसार कल्याण डोंबिवली मनपा आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ ने मनपा सीमा के अंतर्गत सभी मनपा स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश दिए। इस आदेश के अनुसार, मनपा के बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रशांत भागवत ने सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए आवश्यक प्रशासकीय मंजूरी और निधि प्राप्त करने के बाद कल्याण डों बि व ली मनपा के स्कूलों में सी सी टी वी कैमरे लगाने का काम शुरू कर दिया है।

### नियमित कैमरा निरीक्षण

स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगने के बाद इन कैमरों का नियंत्रण कक्ष (मॉनीटर) प्रधानाचार्य कार्यालय में स्थापित किया जाएगा। वे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से स्कूल शुरू होने से लेकर समाप्त होने तक स्कूल में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

> विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मनपा प्रशासन ने सरकारी आदेशानुसार कल्याण डोंबिवली मनपा के 61 स्कूलों में 502 कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय तत्काल लागू किया जा रहा है। यह कार्य अगले माह फरवरी के अंत तक पूरा हो जाएगा। इन सीसीटीवी कैमरों पर स्कूल प्रबंधन समिति और प्रधानाचार्य का पूर्ण नियंत्रण रहेगा।
>
> **- प्रशांत भागवत**
> अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग

# उल्हासनगर को मिलेंगी 100 ई-बसें

**केंद्र की डीएचए ई-बस पहल के तहत मिलेंगी अच्छी गुणवत्ता वाली परिवहन सेवाएं**



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका की ई-बस सेवा को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और उल्हासनगर, कल्याण, अंबरनाथ और बदलापुर शहरों के लिए वातानुकूलित बसें चल रही हैं। अगले कुछ दिनों में 100 ई-बसें उपलब्ध हो जाएंगी। प्रशासन का कहना है कि उल्हासनगर मनपा अच्छी गुणवत्ता वाली परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है।

मनपा ने पहले ही डीएचए ई-बस पहल के तहत कुछ ई-बसें शुरू की हैं और डीएचए ई-बस पहल के तहत 100 और ई-बसों के साथ शहर की बस परिवहन सेवा में महत्वपूर्ण बदलाव लाने की योजना बना रहा है। इन नई बसों के प्रबंधन और सुरक्षित परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए ड्राइवरों, कंडक्टरों और अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में बस परिवहन प्रबंधन में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अत्याधुनिक समाधान अपनाने और यात्री सुविधाओं में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। ई-बस सेवाओं को अधिक कुशल और पर्यावरण अनुकूल बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

### पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा

उम्मीद है कि यह ई-बस परियोजना पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगी और शहर की परिवहन व्यवस्था में बदलाव लाएगी। मनपा की जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले ने इस पहल का महत्व समझाया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रशिक्षण से चालक और वाहक अधिक जिम्मेदार बनेंगे, दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आएगी तथा मनपा के परिवहन विभाग को वित्तीय लाभ मिलेगा।

## छात्रा को पीटने के आरोप में शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे.** कापुरबावड़ी इलाके में स्थित निजी स्कूल में वार्षिक उत्सव की तैयारी के लिए नियुक्त डांस टीचर के खिलाफ 6 साल की छात्रा को पीटने का मामला पुलिस थाने में दर्ज कराया गया है. इस मामले में पुलिस जांच कर रही है. बताया गया कि पिछले दिनों ठाणे के कापुरबावड़ी इलाके में स्थित निजी स्कूल में हुई डांस टीचर की पिटाई से 6 साल की बच्ची घायल हो गई थी. पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक स्कूल ने 32 वर्षीय आरोपी डांस टीचर को वार्षिक उत्सव के कार्यक्रमों की तैयारी के लिए नियुक्त किया था. नृत्य के अभ्यास के दौरान शिक्षक ने बच्ची को कथित तौर पर धातु के स्केल से पीटा.

# बच्चों के कब्रिस्तान की समस्या गंभीर



**उल्हासनगर.** शहर में कब्रिस्तान की कमी स्पष्ट है और अचानक मरने वाले छोटे बच्चों को दफनाने के लिए जगह का मुद्दा गंभीर हो गया है। शहर में कैंप 4 और कैंप 5 के कब्रिस्तानों में दफ़नाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है और वीनस क्षेत्र में क़ब्रिस्तान के लिए जगह ख़त्म हो रही है। इस समस्या को हल करने के लिए एड. प्रशांत चंदनशिव ने अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस को निवेदन दिया है.

उल्हासनगर कैंप 4 और कैंप 5 में कब्रिस्तान और वीनस क्षेत्र में कब्रिस्तान के पास जगह की कमी हो गई है. जगह की कमी के कारण अब बच्चों को दोबारा उन्हीं जगहों पर दफनाने की नौबत आ गई है, जहां उन्हें पहले ही दफनाया जा चुका है। इससे स्थानीय नागरिकों में आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है.

कब्रिस्तानों में जगह की समस्या के साथ-साथ साफ-सफाई की भी समस्या है. जिस स्थान का उपयोग बच्चों के दाह संस्कार के लिए किया जा रहा है, वहां समुचित साफ-सफाई नहीं होने से नागरिकों में आक्रोश है. इस स्थिति के कारण शोक संतप्त परिवारों को दुःख की घड़ी में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को हल करने के लिए एड. प्रशांत चंदनशिव ने पहल करते हुए आज अपर आयुक्त किशोर गवस को निवेदन दिया है.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## एम्स के बाहर फुटपाथों पर उपेक्षित जिंदगी

दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स को सबसे अहम और भरोसेमंद अस्पताल माना जाता है, जहां देश भर से लोग इलाज कराने पहुंचते हैं। बाहर से दिल्ली आने वाले मरीजों के साथ आमतौर पर उनके परिजन भी होते हैं। एम्स में चिकित्सा प्रक्रिया में विलंब के चलते कई बार मरीजों या उनके परिजनों को कुछ दिन दिल्ली में ही रुकना पड़ता है। अगर मरीज को अस्पताल में भर्ती होना पड़ जाए, तो यह अवधि कई दिनों तक खिंच सकती है।

ऐसे में जिन लोगों के पास संपर्क या संसाधन होते हैं, वे तो अपने रहने की व्यवस्था किसी तरह कर लेते हैं, लेकिन बहुत सारे लोगों को एम्स परिसर के आसपास फुटपाथों या मेट्रो स्टेशनों के परिसर में रात गुजारते देखा जा सकता है। फिलहाल, दिल्ली में जैसी ठंड है, उसमें शौचालय, पीने के पानी का अभाव और कूड़े-कचरे के ढेर के आसपास आश्रय लिए वक्त काटते ठिठुरते लोगों के सामने पैदा मुश्किलों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**मरीजों के परिजनों के लिए रहने की हो व्यवस्था**

यह एक व्यवस्थागत समस्या है, जिसे लेकर राजनीतिक पार्टियों और नेताओं में उदासीनता आम रही है। मगर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और दिल्ली की मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर इस 'मानवीय संकट' को दूर करने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। यह विडंबना है कि देश के इतने बड़े अस्पताल में या इसके आसपास सरकार की ओर से ऐसी व्यवस्था नहीं है, जहां मरीजों के परिजन या इलाज का इंतजार करने वाले लोगों को कुछ दिन रहने की व्यवस्था सुलभ हो।

एक सवाल यह भी है कि देश के अन्य राज्यों या इलाकों में चिकित्सा की ऐसी भरोसेमंद व्यवस्था क्यों नहीं है, जहां लोग आश्वस्त होकर अपना इलाज कराएं। चुनाव के वक्त लक्षित मतदाता वर्ग को छोड़ दें, तो बाकी वक्त हर राजनेता एक तरह से आराम की मुद्रा में होता है और अभाव से जूझते हाशिये के लोग अपने हाल पर समस्याओं से लड़ रहे होते हैं। इस लिहाज से देखें तो राहुल गांधी ने एम्स परिसर में अव्यवस्था और मानवीय तकाजों की उपेक्षा की स्थिति की ओर जिस तरह ध्यान दिलाया है, वह गौर करने के लायक है।

# अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों पर जल्द लेना होगा फैसला

नए वर्ष के प्रारंभ में कोलकाता से आई खबरों के अनुसार मालदा, उत्तर 24 परगना और नादिया जिले से घुसपैठ की कोशिश कर रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को पकड़कर वापस भेजा गया। तब बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया था कि घुसपैठ करने वालों से पूछताछ में पता चला कि ज्यादातर हाउसकीपिंग और मजदूरी के लिए मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जाने की फिराक में थे।

बांग्लादेश से केवल बंगाल के रास्ते ही घुसपैठ नहीं होती। घुसपैठ के रास्ते त्रिपुरा, असम और मेघालय भी हैं। पता नहीं अभिनेता सैफ अली खान को चाकू मारकर घायल करने वाला मोहम्मद शरीफुल इस्लाम किस रास्ते भारत में घुसा, लेकिन मुंबई पुलिस ने इसकी पुष्टि कर दी है कि वह बांग्लादेशी ही है। वह करीब छह-सात माह पहले चोरी-छिपे भारत आया था।

सैफ अली खान के घर में घुसकर उन पर हमला करने के कुछ दिन पहले तक वह थाणे और वर्ली में हाउसकीपिंग का काम करता था। इसका मतलब है कि बीएसएफ प्रवक्ता बिल्कुल सही कह रहे थे कि घुसपैठ करने वाले बांग्लादेशी मजदूरी और हाउसकीपिंग का काम करने के लिए भारत आ रहे हैं। इन घुसपैठियों में शरीफुल इस्लाम जैसे अपराधी प्रवृत्ति के लोग भी हो सकते हैं और वे भी, जो आतंकी संगठनों से जुड़े हैं।

चिंताजनक केवल यह नहीं है कि बांग्लादेश से घुसपैठ करने वाले फर्जी नाम और पहचान पत्र हासिल कर देश के विभिन्न हिस्सों में और यहां तक कि बंगाल और असम से दूर दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद,



हैदराबाद तक में अपना ठिकाना बना लेते हैं, बल्कि यह भी है कि उनकी पहचान और पकड़ मुश्किल से हो पाती है। इससे भी मुश्किल होता है उन्हें वापस भेजना। एक समस्या यह भी है कि ज्यादातर राजनीतिक दल और उनकी राज्य सरकारें अवैध तरीके से बांग्लादेश से आए लोगों को निकालने की कभी चिंता नहीं करतीं।

उलटे वे हर ऐसी कोशिश का विरोध करती हैं। पता नहीं क्यों अधिकांश राजनीतिक दल यह माने बैठे हैं कि यदि अवैध बांग्लादेशियों को निकालने की पहल की गई तो भारत के मुस्लिम नाराज हो जाएंगे और इससे उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान होगा। अभी जब दिल्ली में बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान का अभियान चला तो कई दलों ने किंतु-परंतु के साथ यही कहने की कोशिश की कि यह केवल चुनावी स्टंट है।

यह तय मानिए कि यदि सैफ अली खान पर हमले के बाद महाराष्ट्र सरकार की ओर से बांग्लादेशियों को निकालने की पहल की जाती है तो उसका किसी न किसी बहाने विरोध होगा। यह इसके बाद भी होगा कि मुंबई में अवैध बांग्लादेशियों की अच्छी-खासी संख्या होने का अंदेशा है।

सैफ अली खान का हमलावर मुंबई में वर्ली के जिस इलाके में रहता था, वहां के लोगों की शिकायत है कि उनके यहां बड़ी संख्या में बांग्लादेशी रह रहे हैं और वे उनकी सुरक्षा के लिए खतरा बन रहे हैं। यहां के लोगों ने कुछ दिनों पहले अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर एक रैली भी निकाली थी।

महाराष्ट्र सरकार की ओर से अवैध बांग्लादेशियों को निकालने के अभियान की सफलता के बारे में कुछ कहना कठिन है, क्योंकि दिल्ली से लेकर मुंबई तक ऐसे अभियान कई बार चलाए गए, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहा। ऐसा नतीजा इसलिए रहा, क्योंकि अवैध बांग्लादेशियों को निकालना न तो राष्ट्रीय प्रतिबद्धता बन पाया और न ही राष्ट्रहित का विषय।

1998 में जब केंद्र में वाजपेयी सरकार थी और महाराष्ट्र में शिवसेना-भाजपा की तो महाराष्ट्र पुलिस ने अवैध बांग्लादेशियों को निकालने का अभियान छेड़ा था। इस अभियान पर बंगाल की वाम मोर्चा सरकार ने यह कहते हुए आसमान सिर पर उठा लिया था कि बांग्लादेशियों के नाम पर बंगाल के लोगों को मुंबई से बाहर किया जा रहा है।

उस समय यानी आज से 27 बरस पहले विभिन्न स्रोतों के आधार पर यह बताया जा रहा था कि देश में करीब एक करोड़ बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं। आज उनकी संख्या कितनी होगी, किसी को पता नहीं, क्योंकि बांग्लादेश से घुसपैठ तो कभी थमी नहीं। जो पता है, वह यह कि उन्होंने बंगाल और असम के कई इलाकों में आबादी का संतुलन बिगाड़ दिया है।




केवल आध्यात्मिक प्राप्ति ही स्थाई उपलब्धि है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# अमेरिका में ट्रंप ने लगाया आपातकाल

अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप ने एक नए जोश के साथ अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत कर दी है। अपने शपथ ग्रहण अभिभाषण में उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब अमेरिका स्वर्णकाल में वापसी करने जा रहा है। हालांकि वे चुनाव प्रचार के दौरान भी बार-बार दोहराते रहे कि सत्ता में आने के बाद वे 'अमेरिका प्रथम' की नीति पर काम करेंगे। सत्ता की कमान संभालते ही उन्होंने इस पर अमल भी शुरू कर दिया। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद उन्होंने घुसपैठ रोकने के लिए सीमा पर आपातकाल लगा दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका को अलग कर दिया।

पेरिस जलवायु समझौते को अमान्य कर दिया। ब्रिक्स देशों को चेताया है कि अगर उनमें से कोई भी अमेरिकी नीतियों के विरुद्ध चलने का प्रयास करेगा, तो उसे उसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। आव्रजन संबंधी नियम-कायदों को वे सख्त बनाना चाहते हैं। अमेरिका में निर्यात करने वाले कई देशों पर उन्होंने भारी शुल्क की घोषणा कर दी है और अन्य देशों पर भी वे ऐसा ही कदम उठाने वाले हैं। उन्होंने धड़ाधड़ प्रशासनिक फेर-बदल शुरू कर दिया है। इस तरह दुनिया के तमाम देशों की नजर इस बात पर टिकी है कि ट्रंप प्रशासन उनके साथ कैसा व्यवहार करता है।

डोनाल्ड ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में भी अमेरिका केंद्रित नीतियों के पक्षधर थे। उस दौरान उन्होंने वाणिज्य-व्यापार और आव्रजन संबंधी नीतियों को सख्त बनाने के प्रयास किए थे। हालांकि दबाव में आकर उन्हें एच-वन बी वीजा पर रोक संबंधी फैसले को वापस लेना पड़ा था। इस बार भी कार्यभार संभालने से पहले ही इस वीजा को समाप्त करने की घोषणा कर दी थी, मगर एलन मस्क के दबाव में उन्होंने इसे ज्यादा तूल नहीं दिया।



हालांकि वे घोषणा कर चुके हैं कि आव्रजन और नागरिकता नियमों को सख्त बनाया जाएगा। जाहिर है, इससे बहुत सारे लोगों को अमेरिका छोड़ कर अपने देश लौटना पड़ेगा। इसकी आशंका वहां बसे भारतीय मूल के लोगों को अधिक सता रही है। हालांकि ट्रंप ने अभी तक भारत को लेकर कोई कठोर कदम उठाने की बात नहीं कही है।

अब तक भारत के साथ अमेरिका के संबंध मधुर रहे हैं। वाणिज्य-व्यापार में संतुलन बना रहा है। कूटनीतिक संबंधों में वैसी तल्खी कभी नहीं देखी गई, जैसी चीन के साथ रहती है। मगर ट्रंप ने जिस आक्रामक ढंग से कामकाज शुरू किया है और जैसे फैसले करने को कहते आ रहे हैं, उसमें कुछ आशंकाएं स्वाभाविक हैं।

छिपी बात नहीं है कि अमेरिका की प्रतिस्पर्धा चीन से है। ट्रंप बार-बार चीन का हवाला देते हुए वाणिज्य-व्यापार में असंतुलन को रेखांकित करते रहे हैं। उन्हें लगता है कि चीन ने अमेरिका से फायदा अधिक उठाया है, दिया बहुत कम है। इसलिए वे चीनी वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाने की बात कह चुके हैं। चीन का उल्लेख करते हुए ही उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन से खुद को अलग कर लिया।

कोरोना महामारी के समय स्वास्थ्य संगठन के पक्षपातपूर्ण रवैये का वे लगातार जिक्र करते रहे हैं। इसी तरह पेरिस जलवायु समझौते को चीन की चाल बताते रहे हैं। मगर चीन के प्रति कोई भी सख्त कदम उठाने से पहले ट्रंप प्रशासन को एलन मस्क के हितों से टकराना पड़ेगा। मस्क का काफी बड़ा कारोबार चीन में है। पिछले कार्यकाल में ट्रंप के भारत के साथ रिश्ते गर्मजोशी भरे रहे, इस बार भी उसमें शायद कोई बदलाव न आए।

# नागिन से लहराते हैं इस गांव की लड़कियों के बाल

**जरा हट के**

हर किसी को भगवान ने कुछ चीज़ें कुदरती तौर दी होती हैं. अगर इन्हें वक्त पर पहचान लिया जाए, तो वो इंसान को कामयाबी दिला सकती हैं. कुछ लोगों को अपनी पर्सनालिटी ही इतनी अच्छी मिलती है कि वो इससे खासी लोकप्रियता हासिल करते हैं. हालांकि हम आज एक ऐसे गांव की बात करेंगे, जहां की लड़कियों के सुंदर बालों की वजह से ये चर्चाओं में बना रहता है. बालों को खूबसूरत बनाए रखना, हर महिला का सपना होता है. इसके लिए वो न जाने कितने महंगे-महंगे प्रोडक्ट तक इस्तेमाल करने को तैयार रहती हैं. हालांकि एक गांव ऐसा भी है, जहां की महिलाएं बिना कुछ किए ही खूबसूरत बालों की मालकिन हैं. जहां बालों के ज़रा सा बढ़ते ही उनके झड़ने से लेकर दोमुंहे होने तक की समस्याएं आ जाती हैं, वहीं इस गांव की महिलाओं के बाल 2 मीटर यानि 6 फीट से भी ज्यादा



लंबे होते हैं.

वीडियो में आप चीन के गांव Huangluo Yao Village का नज़ारा देखेंगे. इस गांव की महिलाएं नदी के किनारे जब अपने बाल धोती हैं, तो नज़ारा कुछ ऐसा ही होता है. हर लड़की और महिला के बाल खूब लंबे और स्वस्थ हैं. कुछ के बालों की लंबाई 6.5 फीट से भी ज्यादा है. ये गांव गुआंक्शी प्रांति के गुइलिन में स्थित है, जो लॉन्ग हेयर विलेज के नाम से भी जाना जाता है. इसे दुनिया में सबसे ज्यादा लंबे बालों वाले गांव के तौर पर दर्ज किया जा चुका है. ये महिलाएं बालों में सिर्फ चावल का पानी लगाती हैं और इसे पास की नदी में धोती हैं. उन्हें किसी प्रोडक्ट की ज़रूरत नहीं होती है.

इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर @gunsnrosesgirl3 नाम के अकाउंट से शेयर किया जा रहा है. वीडियो में बताया गया है कि यहां की महिलाएं ज़िंदगी में एक ही बार अपने बाल कटाती हैं और गांव की दादी-नानियों के भी बाल अब भी काले और बेहद मजबूत हैं. वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूज़र ने लिखा- रैपुंजेल इसी गांव की थी. वहीं दूसरे यूज़र्स ने इसे आश्चर्यजनक और खूबसूरत कहा है.

# रात में इलायची वाला दूध पीने के होते हैं फायदे

### कोसों दूर रहती हैं कई बीमारियां

इलायची को यूं ही मसालों की रानी नहीं कहा जाता। अपनी बेहतरीन खुशबू और फ्लेवर के साथ-साथ ये सेहत के लिए भी बहुत ही ज्यादा फायदेमंद होती है। आमतौर पर लोग इसे चाय में डालकर या माउथ फ्रेशनर की तरह इस्तेमाल करते हैं। हालांकि इसका दोगुना फायदा पाने के लिए आप रोजाना रात में सोने से पहले इलायची वाले दूध का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए बस आपको दूध उबालते हुए उसमें दो से तीन इलायची कूटकर डाल देनी हैं। थोड़ी देर चलाते हुए इस दूध को पकाएं और हल्का गुनगुना होने पर पी लें। रोजाना इस इलायची वाले टेस्टी दूध को पीने के बड़े ही कमाल के फायदे होते हैं। आज हम इन्हीं के बारे में जानेंगे।

### पाचन रहता है दुरुस्त

खराब खानपान के चलते आजकल पाचन से जुड़ी कोई ना कोई समस्या तो आमतौर पर सभी को बनी ही रहती है। ऐसे में आपका पेट बिल्कुल ठीक रहे इसके लिए आप इलायची वाले दूध को अपनी डेली डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। अगर आपको पेट से जुड़ी समस्याएं जैसे कब्ज, एसिडिटी, गैस, बदहजमी, पेट अच्छे से ना साफ होना या पेट फूलने जैसी समस्याएं बनी रहती हैं, तो इलायची का दूध आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इससे पाचन तंत्र भी मजबूत होता है।

### ब्लड प्रेशर को रखे कंट्रोल

लाइफस्टाइल में बड़े बदलाव के चलते ब्लड प्रेशर की समस्या भी आजकल काफी कॉमन हो गई है।



ब्लड प्रेशर कंट्रोल ना रहने पर शरीर में कई अन्य बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। ऐसे में सही खानपान और डॉक्टर द्वारा दी गई दवाइयों के अलावा आप इलायची वाला दूध भी अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। रोज रात में सोने से पहले इलायची वाला दूध पीने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहने में काफी मदद मिलती है।

### हड्डियों को बनाए मजबूत

कैल्शियम से भरपूर दूध हमारी बोन हेल्थ के लिए कितना फायदेमंद है, ये तो हम सभी जानते हैं। लेकिन जब आप दूध के साथ इलायची भी शामिल कर लेते हैं, तो ये और भी ज्यादा असरदार हो जाता है। दरअसल इलायची में भी ठीक-ठाक मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है। ऐसे में छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए इलायची वाला दूध किसी अमृत से कम बिल्कुल नहीं है।

### तनाव को करे कम

रोज रात को सोने से पहले हल्का गर्म इलायची वाला दूध पीने से दिन भर की सारी थकान और तनाव दूर होने में भी काफी मदद मिलती है। इससे दिमाग शांत और स्ट्रेस फ्री होता है। दरअसल इलायची में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं, जो तनाव कम करने में काफी मददगार होते हैं। अगर आपको रात में सही से नींद नहीं आती है तो आपको इलायची वाला दूध जरूर ट्राई करना चाहिए। इससे आपको जल्दी और बेहतर नींद आने में मदद मिलेगी।

### सर्दी-जुकाम जैसी मौसमी बीमारियां रखे दूर

मौसम बदलने के साथ, खासतौर से ठंड के मौसम में सर्दी-जुकाम जैसी कई मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस दौरान रात में गर्म-गर्म इलायची वाला दूध पीना काफी फायदेमंद होता है। ये इम्यूनिटी को बूस्ट करता है और इन छोटी-छोटी परेशानियों को दूर रखता है। इलायची वाला दूध सीने में जमा हुआ कफ निकालने में भी मददगार होता है। ऐसे में बच्चों को सर्दियों में इलायची वाला दूध तो जरूर ही पिलाएं।

# साउथ इंडियन रसम

खाना-खजाना

रसम साउथ की एक फेमस डिश है जिसे भारत के हर कोने में लोग बड़े चाव से खाते हैं। ये स्वाद में तो अच्छी लगती ही है, लेकिन इसके साथ ये सेहत के लिए भी अच्छी होती है। इसे बहुत तरीकों से बनाया जा सकता है। लेकिन हम यहां पर सबसे आसान तरीके से रसम बनाने का तरीका बता रहे हैं।

**सामग्री :**

दो टमाटर
एक चम्मच इमली
डेढ़ चम्मच रसम पाउडर
थोड़ी चीनी या एक चम्मच गुण पाउडर
एक छोटा चम्मच हल्दी पाउडर
नमक
दो बड़े चम्मच धनिया पत्ती कटी हुई
एक मुट्ठी करी पत्ता

तड़के के लिए आपको चाहिए
एक बड़ा चम्मच घी या तेल
आधा चम्मच सरसों
दो साबुत लाल मिर्च
एक चम्मच जीरा
एक मुट्ठी करी पत्ता

**विधि :**



रसम बनाने के लिए इमली को गर्म पानी में 30 मिनट के लिए भिगोकर उसका रस निकाल लें और एक तरफ रख दें। अब कुल 3 कप पानी लें और टमाटरों को मोटा-मोटा काट लें। इसे बनाने के लिए कढ़ाई गर्म करें और टमाटरों को तेल की कुछ बूंदों और एक चुटकी नमक के साथ नरम होने तक पकाएं। फिर इमली का गुदा, हल्दी, फटी हुई करी पत्ता और आधा हरा धनिया डालें अब इसमें पानी डालकर उबाल लें। उबाल आने के बाद इसमें रसम पाउडर, नमक और चीनी या गुड़ डालें। अच्छी तरह मिलाएं और उबाल लें। रसम में तड़का लगाने के लिए तड़का पैन में घी या तेल गर्म कर लें। फिर आधा चम्मच सरसों के बीज लाल मिर्च, जीरा और करी पत्ता डालें। इस तड़के को रसम में मिला दें। फिर आंच बंद करें और सर्विंग बाउल में निकाल लें। धनिया की पत्तियों से रसम को सजाएं और सर्व करें।

# गुड़ में भी हो रही मिलावट

गुड़ नेचुरल स्वीटनर है और चीनी की बजाय इसे खाना हेल्थ के लिए अच्छा होता है। लेकिन अगर आप मार्केट से गुड़ खरीद रहे हैं तो इसके पूरी तरह से शुद्ध होने की कोई गारंटी नही है। मार्केट में काफी सारे गुड़ की वैराइटी में मिलावट मिल रही है। ऐसे में एफएसएसएआई ने नकली गुड़ की पहचान करने का तरीका बताया है। जानें क्या है गुड़ में मिलावट की पहचान। सर्दियों में गुड़ सेहत का साथी रहता है। वहीं त्योहारों पर भी गुड़ के लड्डू बनकर तैयार होते हैं। लेकिन मार्केट में गुड़ का वजन बढ़ाने और उसे दिखने में और अच्छा बनाने के लिए कई तरह की चीजों की मिलावट करते हैं। वाशिंग पाउडर से लेकर केमिकल और स्टार्च जैसी चीजों की मिलावट आम बात है। जानें कैसे करें गुड़ में मिलावट की पहचान।

### जान लें पहचानने का तरीका

### स्टार्च

अगर गुड़ का वजन बढ़ाने के लिए स्टार्च की मिलावट की गई है। तो इसकी पहचान करने के लिए गुड़ की थोड़ी सी मात्रा को पानी में डालकर घोलें। अगर गुड़ घुलने के बाद नीचे कुछ बच रहा है तो ये मिलावट वाला गुड़ है और इसमे स्टार्च की मिलावट की गई है।

### तेल की मिलावट

गुड़ को चमक और कलर सुंदर बनाने के साथ वजन बढ़ाने के लिए भी तेल की मिलावट की जाती है। इसे पहचानने के लिए उंगलियों के बीच में गुड़ को रगड़ें। अगर गुड़



ग्रीसी, तेल वाला या चिकना सा लग रहा है तो मतलब है कि इसे तेल की मिलावट की गई है।

### आर्टीफिशियल कलर की मिलावट

गुड़ का कलर भूरा होता है। लेकिन अगर ये भूरापन कुछ ज्यादा ही डार्क या चमक लिए है या थोड़ा अलग सा कलर दिख रहा है। तो इसका मतलब है कि इसमे आर्टीफिशियल कलर की मिलावट की गई है।

### गुड़ का टेक्सचर

बिना मिलावट वाले गुड़ का टेक्सचर ना बहुत सॉफ्ट या ना बहुत कड़ा होता है। लेकिन गुड़ में अगर जिप्सम की मिलावट हो तो गुड़ या तो बहुत सॉफ्ट होता है या फिर बहुत हार्ड हो जाता है।

### वाशिंग पाउडर की मिलावट

फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने बताया कि गुड़ में डिटर्जेंट की मिलावट होने पर हाइड्रोक्लोरिक एसिड डालकर पहचान की जाती है। अगर गुड़ में एसिड मिलाने पर बबल्स उठने लगे तो इसका मतलब कि गुड़ में डिटर्जेंट की मिलावट की गई है।

# शावर का प्रेशर बढ़ाने के लिए करें ये काम...

शावर का पानी टपक-टपक कर आ रहा है? प्रेशर इतना कम कि नहाने में मजा ही नहीं आ रहा? तो चलिए हम आपके लिए लाए हैं एक ऐसा ट्रिक, जिसकी मदद से आप बड़ी आसानी से इसे नया जैसा कर सकते हैं. न शावर उतारने की झंझट, न प्लंबर बुलाने का झंझट. बस एक पॉलीथिन और किचन में रखे दो-चार सामान की मदद से आपका शावर फिर से नया जैसा काम करने लगेगा. तो तैयार हो जाइए, क्योंकि ये आसान ट्रिक न सिर्फ आपका समय बचाएगी, बल्कि मेहनत भी. पानी का प्रेशर हाई करने के लिए जानें ये आसान तरीका.

एक कप सिरके में 2-3 चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं. यह मिश्रण गंदगी और कैल्शियम जमाव को हटाने में बहुत असरदार है. इस तैयार घोल को एक मजबूत पॉलीथिन में डालें. अगर आपके पास सिरका या बेकिंग सोडा नहीं है तो आप नींबू का रस और ईनो पाउडर घोलकर भी सॉल्यूशन बना सकते हैं.

शावर हेड के चारों ओर इस पॉलीथिन को बांध दें, जिससे शावर हेड पूरी तरह घोल में डूबा रहे. अब इसे 2-3 घंटे या पूरी रात के लिए ऐसे ही बंधा रहने दें. घोल शावर के अंदर जमा कैल्शियम और गंदगी को निकाल देगा. पॉलीथिन हटाकर शावर को साफ पानी से अच्छी तरह धो लें. छेदों को टूथब्रश या सुई से हल्के से साफ कर लें.

यह ट्रिक बिना मेहनत के आपके शावर के प्रेशर को पहले



जैसा बना देगी. यही नहीं, आपको शावर उतारने या किसी प्लंबर को बुलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी. अब आपका शावर फिर से नया जैसा काम करेगा और पानी का प्रेशर भी बेहतर होगा.

अगर तब भी प्रेशर को बढ़ाना हो तो आप सावधानी से शावर को खोलें और इसके अंदर फिल्टर में लगी जाली को निकालें और साफ कर दें. फिर से इसे सावधानीपूर्वक नल में लगा दें. प्रेशर बढ़ जाएगा. इस तरीके से आप हैंड जेड के प्रेशर को भी बढ़ा सकते हैं.

## आज का राशिफल

**मेष :** लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा।

**वृषभ :** कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग कार्य में गति प्रदान करेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है।

**मिथुन :** कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में उन्नति होगी। निवेशादि करने का मन बनेगा। धार्मिक कार्य में मन लगेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा।

**कर्क :** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी भी प्रकार के झगड़ों में न पड़ें। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**सिंह :** स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। सभी ओर से खुश खबरें प्राप्त होंगी। संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सफलता मिलेगी। पारिवारिक चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। जमानत के कार्य टालें।

**कन्या :** नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**तुला :** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में संतोष रहेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**वृश्चिक :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। आय बनी रहेगी।

**धनु :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा।

**मकर :** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। बाहर जाने का मन बनेगा। बड़ा काम करने की योजना बनेगी। लाभ होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। घर में अतिथियों का आगमन होगा। किसी के व्यवहार से ठेस पहुंच सकती है।

**कुंभ :** निवेश शुभ रहेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। सुख के साधनों पर व्यय होगा। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। चोट व रोग से बचें। यश बढ़ेगा।

**मीन :** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी-मजाक न करें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर भरोसा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### शामली एनकाउंटर में STF के इंस्पेक्टर सुनील कुमार भी शहीद, मारे गए थे चार बदमाश

**शामली.** शामली में एक साथ चार बदमाशों को ठोकने के दौरान घायल हुए एसटीएफ के इंस्पेक्टर सुनील कुमार शहीद हो गए हैं। सोमवार की रात बदमाशों के साथ इंस्पेक्टर का एनकाउंटर हुआ था। गंभीर रूप से घायल इंस्पेक्टर को गुरुग्राम के मेदांता में भर्ती कराया गया था। जहां बुधवार की दोपहर उनकी सांसें थम गईं। सुनील को पेट में तीन गोलियां लगी थीं। इससे उनकी बड़ी आंत बुरी तरह से डैमेज हो गई थी। इंस्पेक्टर ने ही सबसे पहले बदमाशों को देखने के बाद अपने एके-47 से उन पर गोलियां चलाई थीं।

### गन्ना क्रशर में फंसने से किशोर की मौत, संचालक ने बोरी में रखकर घर भेज दिया शव

**सीतापुर.** सीतापुर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां थाना थानगांव इलाके में लगे गन्ना क्रशर पर मंगलवार की रात एक नाबालिग मौत हो गई। साथ में किशोर के पिता भी काम कर रहे थे। सदमे में वह मौके पर ही बेहोश हो गए। उधर, होश में आने के बाद मृतक के पिता ने क्रेशर संचालक पर बोरी में शव रखकर घर भेजने का आरोप लगाया। थानगांव थाने के खरेहटी के रनहे वाले विनीत तिवारी 15 साल का बेटे विकास तिवारी हलीमनगर-रेउसा सड़क पर तरसेवरा में स्थित जहीर के क्रेशर पर काम करते थे। मंगलवार रात करीब दो बजे विकास क्रेशर में फंस गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक के पिता ने बताया कि यह घटना देखकर वह मौके पर ही बेहोश हो गए। जबकि उनके बेटे का शव बोरी में भरकर क्रेशर संचालक उसके दरवाजे रात को छोड़कर चले गए।

### सगाई करके दोस्तों के साथ लौट रहा था युवक, ट्रक में जा घुसी कार, तीनों की ही मौत

**झांसी.** झांसी से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां सगाई करके लौट रहे युवक और उसके दोस्तों की कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में घुस गई। हादसे में तीनों की मौत हो गई। चिरगांव थाने के गांव सिया का रहने वाला 24 साल के करन विश्वकर्मा का ललितपुर में रिश्ता तय हुआ था। मंगलवार को उसकी सगाई थी। कार्यक्रम के बाद देर शाम वह अपने दोस्त प्रदुम सेन और प्रदूमन यादव के साथ कार से वापस घर आ रहा था। परिजन दूसरी कार से उनके पीछे आ रहे थे। बड़ौरा चौराहे के पास तेज रफ्तार कार का अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह लहराते सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर बबीना थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार द्विवेदी पुलिस बल के साथ पहुंचे और जेसीबी मंगवाकर कार को खींचकर बाहर निकलवाया इसके बाद कार के दरवाजे काटकर शवों को निकाला गया।

### 'कार और सामान चाहिए तो दे दो 2 लाख', चोर ने मैसेज भेज मांगी फिरौती

**प्रतापगढ़.** प्रतापगढ़ में एक चोर ने पहले तो सामानों से भरी कार की चोरी की फिर उसके मालिक को वाइस रिकॉर्डिंग भेजकर दो लाख रुपए फिरौती की मांग रख दी। चोर ने मालिक से कहा- 'आपकी कार और माल हमारे अंडर में है, चाहिए तो हमें दो लाख रुपये देना होगा।' मिली जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ के नगर कोतवाली के करनपुर पूर्वी में जनरल स्टोर चलाने वाले मोहनलाल केसरवानी अपनी कार से सामान लेकर 19 जनवरी की रात कुंडा इलाके से लौट रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे जेठवारा में चाय पीते समय उनकी कार सामान सहित चोरी हो गई। रिपोर्ट दर्जकर पुलिस चोरी करने वाले की तलाश कर रही थी।

# मोदी बोले - हार के डर से आपदा वाले घोषणाएं कर रहे

■ **भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा- वे कहते हैं फिर आएंगे, जनता कहती है फिर खाएंगे**



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं से कहा- दिल्ली की जनता आपदा का का खेल जान गई है। उनकी पोल खुल गई है। भाजपा की जीत पक्की करने के लिए दिल्ली की जनता निकल पड़ी है। हार के डर से आपदा वाले रोज-रोज नई-नई घोषणा करते हैं। वे नारे लगाते हुए कहते हैं कि फिर आएंगे, फिर आएंगे, लेकिन जनता कहती है कि फिर खाएंगे, फिर खाएंगे।

उन्होंने नमो ऐप के जरिए कार्यकर्ताओं से बात करते हुए कह- 5 फरवरी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को पोलिंग बूथ तक पहुंचाना है। ठंड कितनी भी हो, हमें सुबह से ही मतदान की तीव्रता को पहुंचाना है। दिल्ली को आम आदमी पार्टी ने संकट में डाला हुआ है। दिल्ली को आपदा से मुक्त कराना है। ऐसा होगा, तभी दिल्ली को विकसित भारत की विकसित राजधानी बनाने का संकल्प सिद्ध होगा।

मोदी ने कहा कि आप भी जानते हैं कि जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूजता है। बीते 10 वर्षों में गरीब से गरीब को भी पक्का घर, मुफ्त अनाज, मुफ्त इलाज जैसी सुविधाएं पहली बार मिली। झुग्गी में रहने वाले साथियों को भाजपा सरकार बड़ी संख्या में पक्के घर दे रही है। आप टीम लीडर हैं, मेहनती हैं तो जरूर लोगों से बातचीत होती होगी। क्या अनुभव रहा।

PM मोदी ने 3 जनवरी को कहा था कि बीते 10 साल में दिल्ली एक बड़ी आपदा से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आपदा में धकेल दिया। शराब ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, प्रदूषण से लड़ने के नाम पर घोटाला।

PM ने कहा था- दिल्ली वालों ने आपदा के विरुद्ध जंग छेड़ दी है। वोटर आपदा से दिल्ली को मुक्त करने की ठान चुका है। दिल्ली का हर नागरिक कह रहा है, हर बच्चा कह रहा है, हर गली से आवाज आ रही है- आपदा को नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे।

**दिल्ली विधानसभा चुनाव- कुल 699 कैंडिडेट मैदान में**

दिल्ली में 5 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में कुल 699 उम्मीदवार 70 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। 20 जनवरी को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि थी। चुनाव आयोग (ईसी) की वेबसाइट के अनुसार, 1,522 उम्मीदवारों ने चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया था। नई दिल्ली सीट पर आम आदमी पार्टी (AAP) के नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ 22 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

# टैक्स टेररिज्म का शिकार मिडिल क्लास : केजरीवाल

■ **केंद्र सरकार इनकम टैक्स की छूट 10 लाख रुपए करे, स्वास्थ्य-शिक्षा का बजट बढ़ाए**



**नई दिल्ली.** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और AAP संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को मिडिल क्लास के लिए मेनिफेस्टो जारी किया। X पर शेयर एक वीडियो में उन्होंने कहा कि केंद्र में एक के बाद एक सरकारें आईं, लेकिन किसी ने मिडिल क्लास के लिए कुछ नहीं किया। सभी ने मिडिल क्लास को डराकर दबाकर रखा।

केजरीवाल ने कहा कि मिडिल क्लास टैक्स टेररिज्म का शिकार हो गया है। जब सरकार को जरूरत पड़ती है, तो टैक्स का हथियार चला देती है। बदले में मिडिल क्लास को कुछ नहीं मिलता है। मिडिल क्लास सरकार का ATM बनकर रह गया है। आज पहली बार एक पार्टी मिडिल क्लास के लिए मेनिफेस्टो जारी कर रही है।

इस वीडियो में केजरीवाल ने कहा कि वे और आम आदमी पार्टी सड़क से लेकर संसद तक मिडिल क्लास की आवाज उठाएंगे। बजट सत्र में हमारे सांसद मिडिल क्लास के लिए सात मांग करेंगे। इन मांगों में इनकम टैक्स की छूट 7 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करने और शिक्षा-स्वास्थ्य का बजट बढ़ाने की मांगें शामिल हैं।

■ **मिडिल क्लास हमारा देश चलाता है**

केजरीवाल ने कहा- ये वो लोग हैं, जो हमारा देश चलाते हैं। इनके क्या सपने होते हैं? अच्छी नौकरी या बिजनेस, अपना घर, अच्छी शिक्षा, परिवार स्वस्थ रहे। एक आम मिडिल क्लास आदमी इन सबके लिए दिन-रात मेहनत करता है। अधिकतर सरकारें न अच्छे स्कूल बना रही हैं, न अस्पताल बना रही हैं और रोजगार-सुरक्षा भी नहीं दे पा रही हैं।

# 'भगवान योगी जी को लंबी उम्र देना'



■ **महाकुंभ की व्यवस्था से गदगद हुईं सुधा मूर्ति**

■ **3 दिनों तक करेंगी स्नान**

**प्रयागराज.** राज्यसभा सांसद औसुधा मूर्ति ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस विशाल आयोजन के आयोजन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, योगी जी के नेतृत्व में यहां जितना अच्छा काम किया गया है, वह सराहनीय है। मैं उनके दीर्घायु होने की कामना करती हूं। उन्होंने यहां लोगों के लिए मुफ्त में कई व्यवस्थाएं की हैं।

समाजसेवी सुधा मूर्ति ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में भाग लिया और पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। इस दौरान उन्होंने तर्पण कर अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। वह यहां तीन दिनों तक रुकेंगे। उन्होंने कहा कि वह तीनों दिन संगम में स्नान करेंगी और अपने पूर्वजों को तर्पण देंगी। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ में की गई व्यवस्था के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की। इंफोसिस फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति ने कहा, मैंने तीन दिनों का संकल्प लिया था।

# JDU ने भाजपा से मणिपुर में वापस लिया समर्थन

■ **6 विधायक थे साथ**



**इंफाल.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने भाजपा को झटका दिया है। जेडीयू ने पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। 60 सीटों वाली असेंबली में भाजपा के पास बहुमत से कहीं ज्यादा 32 सीटें हैं, लेकिन 6 सीटों वाली जेडीयू भी उसके साथ थी। लेकिन अब नीतीश कुमार की पार्टी ने भाजपा सरकार से अलग होने का फैसला लिया है। बीते करीब दो सालों से अशांत चल रहे मणिपुर में भाजपा के लिए यह झटके की तरह है, जो पहले ही कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष का दबाव झेल रही है।

सूबे में भाजपा की 32 सीटों के साथ अपने दम पर सरकार है, जबकि एनपीएफ के पास 5 सीटें हैं और एनपीपी के पास 7 हैं। जेडीयू को अप्रत्याशित तौर पर मणिपुर के विधानसभा चुनाव में 6 सीटें मिली थीं। यहां कांग्रेस के पास 5 सीटें हैं, जबकि केपीए के पास 2 विधायक हैं। जेडीयू के समर्थन वापस लेने से भाजपा की सरकार के समक्ष कोई खतरा नहीं है, लेकिन इस फैसला का दूरगामी का असर होगा। खासतौर पर दिल्ली से पटना तक इसके मायने निकाले जाएंगे। बिहार में इसी साल अक्टूबर के आसपास विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में नीतीश की पार्टी के इस फैसले को भाजपा पर सीट बंटवारे के लिए दबाव की रणनीति के तौर पर भी देखा जा रहा है।

मणिपुर में एन. बीरेन सिंह भाजपा के मुख्यमंत्री हैं, जिन पर हिंसा को नियंत्रित न करने के आरोप लगते रहे हैं। विपक्ष की ओर से लगातार उन्हें हटाने की मांग होती रही है, लेकिन भाजपा ने उन्हें लगातार मुख्यमंत्री बनाए रखा है। बता दें कि सूबे में कुकी और मैतेई समुदाय के लोगों के बीच हिंसक झड़पों का दौर लंबे समय से जारी है।

गुवाहाटी हाई कोर्ट की ओर से मैतेई समुदाय के लोगों को भी आदिवासी इलाकों में बसने की अनुमति दिए जाने के बाद यह विवाद शुरू हुआ था। बता दें कि राज्य के लगभग तीन चौथाई गैर-शहरी इलाके में कुकी रहते हैं, जबकि मैतेई समुदाय की आबादी राजधानी और उसके आसपास के इलाके में ही केंद्रित है।

# पाकिस्तान में पतंग उड़ाना घोषित हुआ हराम !

■ **जारी हुआ फतवा**

**इस्लामाबाद.** आपको भले ही सुनने और पढ़ने में यह अजीब लगे, लेकिन पाकिस्तान में पतंग उड़ाने, बाइक को एक पहिये पर चलाने पर और हवाई फायरिंग को गैर-इस्लामी करार दिया गया है। लाहौर के दारुल इफ्ता जामिया नइमिया की ओर से पुलिस विभाग से मशविरे के बाद इस संबंध में फतवा जारी किया गया है। फतवे में कुरान और हदीस की कई आयतों का हवाला देते हुए कहा कि ये तीनों चीजें करना अपराध हैं और इस्लाम के अनुसार भी ये हराम हैं। इन तीनों के पीछे फतवे में वजह भी बताई गई है और कहा गया कि इनके चलते इंसानी जिंदगी को खतरा पैदा हो रहा है। इस्लाम में ऐसे किसी भी काम को हराम माना गया है, जिससे इंसानी जिंदगी के लिए खतरा पैदा होता हो। इसलिए इन पर पाबंदी लगाई जाती है।



लाहौर पुलिस की ओर से एक डेटा जारी किया गया था, जिसमें बताया गया कि बड़ी संख्या में देश में लोग पतंगों के मांझे, गलत तरीके से बाइक चलाने और हवाई फायरिंग में मारे जाते हैं। अकसर खुशी के मौके पर हवाई फायरिंग की जाती है। फतवे में कहा गया कि इन तीनों चीजों से ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जिससे परिवार में मातम छा जाता है। इसलिए इन्हें गैर-इस्लामी और हराम घोषित किया जाता है। लाहौर पुलिस और इस्लामिक संस्था की ओर से जारी फतवे में चेतावनी दी गई है कि इन गतिविधियों को करने पर सजा दी जाएगी। कहा गया है कि इनसे इंसानी जान को खतरा पैदा होता है। इसलिए इनकी किसी को परमिशन नहीं दी जा सकती।

# 50 मीटर गहरी खाई में गिरा ट्रक, 10 की मौत

■ **15 घायल**

■ **किसान फल-सब्जियां बेचने मेला जा रहे थे**



कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के येल्लापुरा में बुधवार सुबह एक ट्रक 50 मीटर गहरी खाई में गिर गया। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सावनूर से फल और सब्जियां ले जा रहे ट्रक में 25 से ज्यादा लोग सवार थे। येल्लापुर में लगे मेले में इन फल-सब्जियों को पहुंचाया जा रहा था। इसी दौरान सुबह करीब 5 बजे सावनूर-हुबली हाइवे पर ट्रक ड्राइवर दूसरे वाहन को साइड देने के चक्कर में कंट्रोल खो दिया और खाई में गिर गया।

SP एम नारायण ने बताया कि हादसे की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। 15 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें कुछ गंभीर रूप से घायल हुए। सड़क पर घाटी की ओर कोई सुरक्षा दीवार नहीं थी।

### शवों को निकालने के लिए क्रेन लगाई गई

पुलिस ने बताया कि शवों को बाहर निकालने के लिए क्रेन बुलाई गई। खाई में ऊपर-नीचे जगह होने के कारण पहुंचना मुश्किल हो रहा था। मृतकों की पहचान फैयाज जमखंडी (45), वसीम मुदगेरी (35), एजाज मुल्ला (20), सादिक बाशा (30), गुलाम हुसैन जावली (40), इम्तियाज मुलाकेरी (36), अल्फाज जाफर मंडक्की (25), जिलानी अब्दुल जखाती (25), असलम बाबुली बेनी (24) के रूप में हुई है।

### दिल्ली में मोदी की 3, योगी की 14 सभाएं

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 14 जनसभाओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 29 जनवरी, 31 जनवरी और 2 फरवरी को अलग-अलग इलाकों में रैली करेंगे। वहीं योगी आदित्यनाथ 23 जनवरी से अपनी रैलियों की शुरुआत करेंगे। राहुल गांधी कांग्रेस की ओर से अकेले मोर्चा संभाले हुए हैं। उन्होंने 12 जनवरी को सीलमपुर में पहली रैली की थी।

# अब इंसान नहीं, रोबोट लड़ेगा युद्ध

■ **क्या हैं 'रोबो सैनिक', जिसका ईरान करने जा रहा परीक्षण**

**नई दिल्ली.** अमेरिका में ट्रंप सरकार की शुरुआत और इजरायल से तनातनी के बीच ईरान की सेना ने युद्ध के मोर्चे पर रोबो सैनिकों को उतारने का फैसला किया है। ईरानी सेना के एक उच्च पदस्थ अधिकारी के अनुसार, सेना लड़ाकू रोबोट का परीक्षण कर रही है और उसके कई नए मॉडल विकसित कर रही है। ईरानी अखबार, तेहरान टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरानी सेना ने दो महीने पहले ही रोबोट योद्धाओं को अपने युद्ध अभ्यास में शामिल करना शुरू कर दिया है।

हालांकि, उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारी ने रोबो परीक्षण या विकसित किए जा रहे रोबोट लड़ाकों के प्रकारों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन इतना कहा कि ईरानी सेना ने रविवार रात से ही पूर्वोत्तर ईरान में हो रहे युद्ध अभ्यास में उसकी तैनाती कर रखी है, जहां वह अपना दम-खम दिखा रहा है। इस युद्धाभ्यास में इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (IRGC), सेना (Artesh), बसीज और तटरक्षक बल समेत विभिन्न प्रकार की सेनाएं शामिल हैं।



कॉम्बैट रोबोट या लड़ाकू रोबोट एक प्रकार के ऐसे युद्ध वाहन हैं, जिनमें इंसान की तैनाती नहीं होती। यह धरती पर या आसमान में दोनों जगह अपना काम कर सकता है। आसमान में पहले से ही मानवरहित ड्रोन (UAE) अपना करतब दिखाते रहे हैं और हाल के युद्धों में उसका व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल हुआ है। ईरान ने मानव रहित हवाई वाहनों की ही तरह मानव रहित जमीनी वाहन (UGV) का विकास किया है, जो युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर जाकर हमलों को अंजाम देगा। ये रोबो लड़ाकू मशीनें आम तौर पर स्वायत्त रोबोट के बजाय रिमोट-नियंत्रित वाहन होते हैं।

# बॉलर्स में बुमराह टॉप पर बरकरार

■ **ICC टेस्ट रैंकिंग : बैटिंग में दो भारतीय टॉप-10 में**

■ **पाकिस्तान के नोमान अली और सऊद शकील को फायदा**



भारतीय स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 908 पॉइंट्स के साथ ICC टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में टॉप पर बरकरार हैं। बैटिंग रैंकिंग में दो भारतीय टॉप-10 में शामिल हैं। वहीं, वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में पाकिस्तान को मिली जीत का फायदा नोमान अली और सऊद शकील को हुआ है। ICC ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की।

### बुमराह ने BGT में 32 विकेट लिए

जसप्रीत बुमराह ICC टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में टॉप पर बरकरार है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट लेने के बाद बुमराह 907 अंक तक पहुंचने वाले पहले भारतीय बॉलर बने थे। अब ताजा टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में उनके पास 908 रेटिंग हैं। उनसे पीछे ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस (841) दूसरे पायदान पर है, जबकि साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा 837 रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद है।

वहीं, पाकिस्तान के नोमान अली टॉप-10 में पहुंच गए है। नोमान ने मुल्तान टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 विकेट लिए थे। नोमान अली को 2 स्थानों का फायदा हुआ और वह 9वें पायदान पर पहुंच गए हैं। इस दौरान रवींद्र जडेजा को एक स्थान का नुकसान हुआ और वह 10वें स्थान पर खिसक गए।

पाकिस्तान के साजिद खान (621 रेटिंग प्वाइंट्स) के साथ 18 स्थानों की छलांग लगाकर नंबर 23 पर पहुंचे है। साजिद ने मुल्तान टेस्ट में 9 विकेट लिए थे और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे।

**बैटिंग रैंकिंग में पंत को नुकसान**

बैटिंग रैंकिंग में पाकिस्तान सऊद शकील 8वें पायदान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 84 रन बनाए थे। इसका उन्हें रैंकिंग में फायदा मिला।

स्टीव स्मिथ एक स्थान का नुकसान के साथ अब 9वें स्थान पर खिसक गए हैं। वहीं, पंत को भी एक अंक का घाटा हुआ और वह 9वें से 10वें स्थान पर खिसक गए। पाकिस्तान के बाबर आजम को 4 स्थानों का नुकसान हुआ और वह 16वें पायदान पर है।

# नक्सलियों के लिए काल बन गया है 'नेत्रा-2'



■ **कैसे इतनी सफाई से 19 को कर दिया ढेर**

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के कुल्हाड़ीघाट-भालुडिग्गी की पहाड़ियों में हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 19 नक्सलियों को मार गिराया। इसमें एक करोड़ का इनामी नक्सली जयाराम उर्फ चलपति भी शामिल है। जवानों को यह सफलता नेत्रा 2 की मदद से मिली है। सुरक्षाकर्मियों ने ड्रोन यानी तीसरी आंख की मदद से जंगल में छिपे नक्सलियों का पहले पता लगाया और फिर एक-एक करके ढेर किया। एंटी नक्सल ऑपरेशन में ड्रोन फोर्स के बहुत काम आ रही है। नक्सलियों की मौजूदगी वाली पहाड़ियों पर फोर्स के जवान 6 ड्रोन उड़ा रही थी। इस वजह से उन्हें जंगल के बीच में छिपे नक्सलियों के मूवमेंट को भांपने में मदद मिली और सुरक्षाबलों में कैजुअल्टी नहीं के बराबर रही।

**हर बटालियन को दो ड्रोन कैमरा**

बता दें कि केंद्र सरकार ने नक्सल बेल्ट में तैनात पैरा मिलिट्री फोर्स के हर बटालियन को दो ड्रोन कैमरा दिए हैं। नेत्रा 2 नाम के ये मिनी ड्रोन छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे नक्सल सफाए के अभियान में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर निकले जवान ड्रोन उड़ाकर आसपास के इलाकों की अच्छी तरह से पड़ताल करके ही मूवमेंट करती है। जवानों को इससे बड़ी सफलता भी मिल रही है। छत्तीसगढ़ में साल 2025 में अब तक 47 नक्सली मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। वहीं साल 2024 में 247 नक्सली मुठभेड़ में मारे गए। छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा एनकाउंटर 4 अक्टूबर 2024 को हुआ था।


स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

**अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ**

जा.क्र.अंनप/बांधकाम विभाग / 2024-25/1457 | दि. 21/1/2025

**कोटेशन नोटीस**

अंबरनाथ नगरपरिषदेच्या हद्दीतील अंबरनाथ पूर्वेकडील आनंद पार्क येथे उद्यानाची निर्मीती करणे सिलबंद कोटेशन्स मागविण्यात येत आहे. ज्या कोणास सदर काम करावयाचे असेल त्यांनी त्यांचे दर बंद पाकिटात खाली सही करणार यांचकडे दिनांक 30/1/2025 रोजी दु. 3.00 वाजेपावतो आणून द्यावेत. आलेली कोटेशन त्या दिवशी किंवा प्रशासनाचे सोयीनुसार हजर कोटेशन धारका समक्ष उघडण्यात येतील कोणतेही एक कोटेशन स्विकारणे अथवा नाकारणे अधिकार निम्न स्वाक्षरीकार यांनी राखुन ठेवला आहे. दर देतांना सर्व साहित्यासह दर द्यावयाचे आहेत. सदरचे काम करणाऱ्या कोटेशन धारकाने कोटेशन सादर करतांना कोटेशनचे दर त्यांच्या स्वतःच्या लेटर पॅडवर द्यावेत.

| SR. NO. | DESCRIPTION | SIZE | RATE | QUANTITY NOS. | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **Material:** ISO UV Protective resin/ MS tube pipe section inner structure. | 3 X 2.4 FT | | 1 | |
| 2. | **Material:** ISO UV Protective resin//primmer coat, duco colour coat, protective matte or glossy colour protective | 3 X 2.4 FT | | 1 | |
| | | | | TOTAL AMOUNT | |
| | | | | GST 18% | |
| | | | | TOTAL | |

**टिप :-** सदर कोटेशन नगरपरिषदेच्या www.ambarnathcouncil.net या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.
प्रत :- सुरक्षा विभाग नगरपरिषद नोटीस बोर्डावर प्रसिध्दीकरिता.

सही/-
**(अभिषेक पराडकर)**
मुख्याधिकारी,
अंबरनाथ नगरपरिषद

## संक्षेप...

### मोबाइल चोर चढ़ा आरपीएफ के हत्थे

**ठाणे.** ठाणे आरपीएफ की क्राइम प्रवेंशन एंड डिटेक्शन स्काट टीम ने ठाणे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 से एक मोबाइल चोर को पकड़ने में सफलता पाई है। उक्त कार्रवाई ठाणे आरपीएफ निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार कोष्ठा के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक गोविंद राम,आरक्षक मोहित, विवेक यादव, प्रमोद कुमार की क्राइम प्रवेंशन एंड डिटेक्शन स्काट ठाणे की टीम ने किया।

# अब एकनाथ शिंदे के घर पर भी प्रदर्शन

## नासिक और रायगड़ के पालक मंत्री पद को लेकर बढ़ा शिवसैनिकों का गुस्सा

**मुंबई.** महाराष्ट्र में नासिक और रायगड़ के प्रभारी मंत्रियों को लेकर छिड़ा विवाद बढ़ता ही जा रहा है। शिवसेना के विरोध के बाद देवेंद्र फडणवीस सरकार ने नासिक में गिरीश महाजन और रायगड़ में एनसीपी की अदिति तटकरे को प्रभारी मंत्री बनाए जाने के आदेश पर रोक लगा दी गई है।

इसके बाद अब शिवसैनिक दबाव बनाने में जुटे हैं कि किसी भी तरह से उनके ही नेताओं को मौका दिया जाए। यही नहीं सरकार से नाराज बताए जा रहे एकनाथ शिंदे के घर पर भी प्रदर्शन होने लगे हैं। शिवसेना नेता और रोजगार गारंटी मिनिस्टर भारत गोगावाले के समर्थकों ने एकनाथ शिंदे के घर का घेराव किया।

मंगलवार की शाम को साउथ मुंबई में स्थित एकनाथ शिंदे के बंगले मुक्तागिरी पहुंचे गोगावाले समर्थकों ने नारेबाजी भी की।

इन लोगों की मांग है कि रायगड़ जिले का प्रभारी मंत्री गोगावाले को ही बनाया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि वे वहां जनाधार रखते हैं। इस मामले में गोगावाले के समर्थक दो विधायक महेंद्र थोर्वे और महेंद्र डलवी सीएम देवेंद्र फडणवीस से भी मिलने वाले हैं। बीते सप्ताह गार्जियन मिनिस्टर की लिस्ट जारी होने के बाद से ही शिवसैनिकों में गुस्सा है। नासिक में भाजपा नेता गिरीश महाजन को प्रभारी बनाए जाने से भी असहमति है, लेकिन उतना गुस्सा नहीं है। लेकिन एनसीपी की नेता अदिति तटकरे को रायगड़ का प्रभारी मंत्री बनाए जाने से ज्यादा गुस्सा है। इसके अलावा दादा भुसे और उनके समर्थक नासिक का प्रभारी मंत्री बनाए जाने की इच्छा रखते हैं। वह पहले भी इस जिले की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

# एक्सप्रेस ट्रेन ने यात्रियों को कुचला, 12 की मौत



- पुष्पक एक्सप्रेस के पैसेंजर्स ट्रैक पर खड़े थे
- आग की अफवाह के बाद रोकी गई थी ट्रेन

**जलगांव.** महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार को बड़ा ट्रेन हादसा हो गया है। यहां परधाड़े रेलवे स्टेशन पर पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैल गई। इसके बाद किसी ने चेन पुलिंग कर दी और कई पैसेंजर्स चलती ट्रेन से पटरी पर कूद गए। सूत्रों के मुताबिक, पैसेंजर्स अभी पटरी पर ही थे। इसी दौरान दूसरे ट्रैक से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को कुचल दिया। न्यूज एजेंसी IANS ने बताया कि हादसे में 12 लोगों की मौत हुई है।

रेलवे के अधिकारियों ने भी घटना की पुष्टि की है। सेंट्रल रेलवे के भुसावल डिवीजन के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जहां घटना हुई, उस जगह पर शार्प टर्न था, जिसकी वजह से ट्रैक पर बैठे पैसेंजर्स को ट्रेन के आने का अंदाजा नहीं लगा।

### ब्रेक लगने पर ट्रेन के पहिए से निकला था धुआं

12629 कर्नाटक संपर्क क्रांति यशवंतपुर से हजरत निजामुद्दीन जा रही थी। जबकि पुष्पक एक्सप्रेस लखनऊ से मुंबई जा रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्रेक लगाने पर पुष्पक एक्सप्रेस के पहियों से धुआं निकला था। इसी के चलते यात्रियों के बीच ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैली। इसके बाद कई यात्रियों ने कोच के बाहर छलांग लगाई थी।

# 4 कनिष्ठ अधिकारियों को उनके मूल पद पर नियुक्त करने की मांग

## भारतीय कामगार कर्मचारी महासंघ भिवंडी ने मांग पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की दी चेतावनी

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भारतीय कामगार कर्मचारी महासंघ भिवंडी इकाई की तरफ द्वारा मनपा प्रशासक व आयुक्त से लिखितपत्र देकर मांग की है कि,मनपा सेवा में कार्यरत कनिष्ठ अधिकारी प्रकाश राठौड़, श्रीकांत परदेशी, विनोद मनोरे,सर्वेश चव्हाण को 72 घंटे के अंदर उनके नियमित पद पर वापस नियुक्त किया जाय अन्यथा कर्मचारी यूनियन की तरफ से भिवंडी इकाई की ओर से भिवंडी मनपा मुख्यालय गेट के समक्ष अनिश्चितकालीन श्रृंखलाबद्ध भूख हड़ताल की जाएगी जिसकी सारी जिम्मेदारी मनपा प्रशासन की होगी.

भारतीय कामगार कर्मचारी महासंघ भिवंडी इकाई अध्यक्ष भानूदास भसाले एवं महासचिव श्रीपत तांबे की तरफ से भिवंडी मनपा आयुक्त अजय आयुक्त को दिए निवेदन में बताया है कि



बी.सी.सी. महासंघ भिवंडी यूनिट यूनियन ने 30 नवंबर 2023 को भिवंडी मनपा मुख्यालय के सामने 1 दिन का अनशन किया था. आयुक्त ने मौखिक रूप से कहा था कि मैं सभी 4 अधिकारियों को अगले 8 दिनों में उनके मूल स्थान पर भेज दूंगा. प्रभारी पद के लिए चयन वरिष्ठता जांच के बाद किया जाएगा.4 कनिष्ठ लिपिकों का आदेश निरस्त किया जाएगा. 1 साल बीत चुका है, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया.मनपा यूनियन पदाधिकारियों ने मनपा प्रशासक अजय वैद्य द्वारा अपना दिए हुए मौखिक निर्णय का पालन नहीं कर यूनियन की मांग को नजरअंदाज एवं धोखा दिया है. महासंघ भिवंडी के कामगार अध्यक्ष भानुदास भसाले ने मनपा आयुक्त वैद्य को लिखित पत्र में चेतावनी दी है कि, प्रकाश राठौड़ , श्रीकांत परदेशी,विनोद मनोरे, सर्वेश चव्हाण को 72 घंटे के अंदर उनके मूल पद लिपिक पर वापस नियुक्त किया जाय और उनके स्थान पर तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को वरिष्ठता के अनुसार नियुक्त किया जाए.मांग नहीं पूरी होने पर मनपा कामगार यूनिट द्वारा आगामी 25 जनवरी से अनिश्चितकालीन श्रृंखलाबद्ध भूख हड़ताल करेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी मनपा प्रशासन की होगी.

# सैफ अली खान के घर बयान दर्ज करने पहुंची पुलिस

- अस्पताल पहुंचाने वाले ऑटो ड्राइवर से मुलाकात की
- मां शर्मिला ने शुक्रिया कहा

**मुंबई.** 15 जनवरी की रात हमले में घायल होने के बाद एक्टर सैफ अली खान ऑटो से लीलावती अस्पताल पहुंचे थे। 21 जनवरी को अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद उन्होंने उसी ऑटो ड्राइवर भजन सिंह से मुलाकात कर शुक्रिया कहा। सैफ की मां शर्मिला ने भी सैफ को समय रहते अस्पातल पहुंचने के लिए शुक्रिया कहा।



इधर, हमले के 6 दिन बाद बांद्रा पुलिस सैफ अली खान का बयान दर्ज करने उनके घर पहुंची है। मुंबई पुलिस ने आरोपी शरीफुल को 19 जनवरी की देर रात गिरफ्तार किया था। इस केस की जांच अब सुदर्शन गायकवाड़ की जगह अजय लिंगनुरकर को सौंपी गई है।IO को हटाने की वजह नहीं बताई गई।

मुंबई पुलिस ने मंगलवार सुबह और देर रात क्राइम सीन रीक्रिएट किया था। पुलिस आरोपी शरीफुल इस्लाम को सैफ के घर से करीब 500 मीटर दूर ले गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी बाथरूम की खिड़की से ही सैफ के घर में घुसा था और हमले के बाद यहीं से बाहर भी निकला।

जब आरोपी बिल्डिंग में दाखिल हुआ तब गार्ड सो रहे थे। आरोपी ने मेन गेट और गलियारे में CCTV न होने का फायदा उठाया। आवाज न हो इसलिए जूते उतार दिए और मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया। सैफ के बेटे जहांगीर के कमरे से आरोपी की टोपी मिली। टोपी में मिले बाल को DNA टेस्ट के लिए भेजा गया है।

# पत्रकार के होटल पर ठामपा की कार्रवाई



**ठाणे.** ठाणे मनपा अंतर्गत आने वाली माजीवाडा प्रभाग समिति का अजब गजब कार्यभार प्रकाश में आया है जिसमें अवैध बाधकाम पर कार्यवाही का सवाल पूछने वाले एक पत्रकार के बेटों के होटल पर ठाणे मनपा ने कार्यवाही कर होटल को तोड़ दिया ।

गौरतलब है कि ठाणे मनपा अंतर्गत बड़े धड़ल्ले से अवैध बाधकाम किया जा रहा है जिस पर कई बार अखबारों , न्यूज चैनलों और भाजपा विधायक द्वारा विधानसभा में मुद्दा उठाया जा चुका है लेकिन ठाणे मनपा शासन और प्रशासन की कान में जू तक नहीं रेंग रही है सवाल यह है कि क्या अवैध निर्माण करने वाले भू माफिया की जेब में ठाणे शासन और प्रशासन है ? क्योंकि जिस तरह दिन रात अवैध बाधकाम बड़े धड़ल्ले से किए जा रहे है इसको देखकर आम लोगों में यह चर्चा तेज हो गया है कि कानून सिर्फ कमजोर और गरीबों के लिए है अवैध निर्माण करने वालो के लिए नहीं ।

बता दे कि ठाणे में ठाणे स्वराज नामक साप्ताहिक अखबार के संपादक मनजीत सिंह अरोरा पिछले कई महीनों से अवैध बाधकाम को लेकर ठाणे मनपा के माजीवाडा प्रभाग समिति में कई पत्र व्यवहार किए थे जिसके बाद ठाणे मनपा अधिकारीयो ने पत्रकार के बेटों भाड़े पर लिए घोड़बंदर स्थित होटल को तोड़ दिया गया , इस कार्यवाही पर पत्रकार मनजीत सिंह अरोरा ने ठाणे मनपा अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि मेरे बच्चों का होटल अवैध था तो बाकी अवैध बाधकामो पर ठाणे मनपा आयुक्त कब कार्यवाही करेंगे ?

मनजीत ने यह भी कहा कि अगर ठाणे मनपा आयुक्त ने अवैध बाधकामो और अवैध निर्माणों में मिलीभगत करने वाले संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं किए तो न्याय के लिए मुझे मजबूरन आमरण उपोषण करना पड़ेगा और जरूरत पड़ी तो न्याय के लिए मै न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाऊंगा , अब देखना यह दिलचस्प होगा कि इस विषय को ठाणे मनपा आयुक्त कितनी गंभीरता से लेकर कार्यवाही करते है

### ठाणे डिस्ट्रिक्ट सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में

# हृदया पाटिल का शानदार प्रदर्शन



**भिवंडी.** ठाणे डिस्ट्रिक्ट सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अजिंक्यतारा स्पोर्ट्स क्लब की हृदया पाटिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़कियों की अंडर-12 कैटेगरी में लंबी कूद में रजत और 60 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता. कोच विलास भावे और निवृत्ति कांबले के मार्गदर्शन में अजिंक्यतारा क्लब के अन्य खिलाड़ियों ने शीर्ष आठ स्थान हासिल किए हैं. हृदया पाटिल ने अपने प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त की और टिप्पणी की कि मैं राज्य प्रतियोगिता के लिए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अपने कौशल में सुधार करने के लिए उत्सुक हूं.हृदया पाटिल को शुभचिंतकों ने बधाई दी है.

## आम सूचना

मैं श्री रामचंद तोताराम मुल्तानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 501, पांचवा माला, विष्णु दर्शन अपार्टमेंट, ओल्ड टेलीफोन एक्सचेंज के पास, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 28बीआय005133800) उक्त प्रॉपर्टी श्री मनोहर धर्मदास नेंबवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 7.7.2011 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री रामचंद तोताराम मुल्तानी

# पत्रकार डॉ. प्रशांत सिनकर को मानद डॉक्टरेट की उपाधि



**ठाणे.** डॉ.प्रशांत रेखा रवींद्र सिनकर को इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ हेसेन जर्मनी द्वारा पत्रकारिता और पर्यावरण विज्ञान में मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है।पत्रकारिता के माध्यम से डॉ. प्रशांत सिनकर पिछले 26 वर्षों से पर्यावरण जागरूकता के लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं।अब तक कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।उनके काम के सम्मान में पत्रकारिता और पर्यावरण विज्ञान के लिए जर्मनी में हेसन के अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ने डॉ. सिनकर को सम्मानित किया। मुंबई ठाणे जिले के साथ पालघर जिले के शहरी और ग्रामीण आदिवासी इलाकों में जल और पर्यावरण संरक्षण पर पत्रकारिता की है।इससे पहले प्रशांत सिनकर को महाराष्ट्र सरकार ने शि. म. परांजपे पुरस्कार नेपाल में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण परिषद में इको-2013 पुरस्कार भारत रत्न राजीव गांधी पर्यावरण भूषण पुरस्कार, ठाणे मनपा ने गुनिजन, ठाणे गौरव, नव्या फाउंडेशन से सम्मानित किया जा चुका है।राष्ट्रीय साहित्य शिरोमणि सम्मान 2023, हिंदुस्तान न्यूज़ नेटवर्क का ₹नेशनल आइकन₹, वर्ल्ड अचीवर बुक (इंटरनेशनल), इंडिया स्टार वर्ल्ड रिकॉर्ड जैसे तमाम पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

# अदालत ने आरपीएफ के पूर्व कांस्टेबल को मनोचिकित्सालय भेजने का दिया निर्देश

**मुंबई.** अदालत ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के पूर्व कांस्टेबल चेतन सिंह चौधरी को मानसिक चिकित्सा जांच के लिए ठाणे मनोरोग अस्पताल में भेजने का आदेश दिया। अदालत ने यह आदेश अकोला जेल के अधिकारियों के यह सूचित किए जाने के बाद दिया कि चौधरी मानसिक विकार से पीड़ित है। अदालत ने कहा कि चिकित्सा जांच के दौरान आरोपी को ठाणे जेल में रखा जाएगा।

चौधरी पर 31 जुलाई, 2023 को पालघर रेलवे स्टेशन के पास जयपुर-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस में अपने वरिष्ठ सहयोगी सहायक उप-निरीक्षक टीका राम मीणा और तीन यात्रियों की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। वह इस समय मुंबई से करीब 550 किलोमीटर दूर अकोला जेल में बंद है। अभियोजन पक्ष ने कहा कि उसे चौधरी के इलाज पर कोई आपत्ति नहीं है और मुकदमे की सुविधा के लिए उसे ठाणे के क्षेत्रीय मनोरोग अस्पताल में स्थानांतरित किया जा सकता है।



# बॉम्बे हाईकोर्ट ने ED पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया



- सिविल विवाद को आपराधिक मामले में बदलने का आरोप

**मुंबई.** बॉम्बे हाईकोर्ट ने ED पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह फाइन कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने। दो पक्षों के बीच एक सिविल विवाद को आपराधिक मामले में बदलने और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाने पर लगाया गया है। हाईकोर्ट ने कहा कि ईडी ने दुर्भावनापूर्ण तरीके से काम किया। इसके अलावा हाई कोर्ट ने मामले में शिकायतकर्ता पर भी उतना ही जुर्माना लगाया। हाईकोर्ट ने ईडी को सुप्रीम कोर्ट में फैसले को चुनौती देने के लिए समय देते हुए कहा, 'शिकायतकर्ता या ईडी के लगाए गए धोखाधड़ी के आरोप में कोई तत्व नहीं है। अगर धोखाधड़ी नहीं हुई है, तो अपराध की कोई आय नहीं है।'

शिकायतकर्ता गुल अछरा ने 2007 में होटल बनाने के लिए राकेश जैन से मलाड में एक परिसर खरीदा था। उन्होंने होटल के लिए सुविधाएं बनाने के लिए सदगुरु एंटरप्राइजेज के साथ एक और समझौता किया और 4.27 करोड़ रुपये का भुगतान किया।

हाई कोर्ट ने कहा कि डिवेलपर को बिक्री समझौता करने और एक ही परिसर में सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक साथ सौदे को निष्पादित करने की अनुमति देने से कोई रोक नहीं है। शिकायतकर्ता ने सदगुरु को किए गए भुगतान का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि जैन ने इस 'अपराध की आय' से फ्लैट खरीदे। हाईकोर्ट ने कहा कि केवल वादा, समझौता या अनुबंध का उल्लंघन करना स्वतः ही आपराधिक विश्वासघात का अपराध नहीं बनता।

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

# प्रियंका चोपड़ा ने किए बालाजी मंदिर के दर्शन

- माथे पर तिलक लगाए दिखीं
- राजामौली की फिल्म से कमबैक करने वाली हैं प्रियंका

इंटरनेशल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा बीते कुछ दिनों से भारत में हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा हैदराबाद पहुंचीं, जहां उन्होंने चिलकुर स्थित श्री बालाजी मंदिर में दर्शन किया है। नए सफर की शुरुआत के लिए प्रियंका ने भगवान का आशीर्वाद लिया है।



तस्वीरें शेयर कर प्रियंका ने लिखा है- श्री बालाजी के आशीर्वाद से नए अध्याय की शुरुआत कर रही हूं। हमें हमारे दिलों में शांति मिले और हमारे आसपास समृद्धि हो। भगवान की कृपा अनंत है। ओम नमः शिवाय।

प्रियंका चोपड़ा बीते लंबे समय से इंडियन सिनेमा में कमबैक के इंतजार में थीं। इसी बीच दिसंबर 2024 में एक्ट्रेस ने एस एस राजामौली की अपकमिंग तेलुगु फिल्म साइन कर ली है। ये फिल्म अफ्रीकी जंगल एडवेंचर पर आधारित होने वाली है, हालांकि अब तक इसका टाइटल तय नहीं किया गया है। फिल्म में प्रियंका के साथ महेश बाबू, एक रिसर्चर की भूमिका में नजर आएंगे।

हाल ही में आई पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, बाहुबली और आरआरआर की कामयाबी के बाद एस एस राजामौली महाकाव्य पर फिल्म बना रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर ली है। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल 2025 से शुरू करेंगी, वहीं महेश बाबू के साथ फिल्म 2026 में फिल्माई जाएगी।

फिल्म की शूटिंग भारत के अलावा अमेरिका और अफ्रीकी जंगलों में भी होने वाली है। इस फिल्म को 2027 में रिलीज करने की तैयारी है। ये तेलुगु फिल्म पैन इंडिया होने वाली है, जिसे हिंदी, तमिल, मलयाली और कन्नड़ भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म के लिए एस एस राजामौली ऐसी एक्ट्रेस की तलाश में थे, जो ग्लोबली पहचान रखती हों। बीते 5-6 महीने में उन्होंने कई बार प्रियंका से मुलाकात की और उनका नाम फाइनल किया।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099